बात दिल की मेरी आज सुन साँवरे

बात दिल की मेरे, आज सुन सांवरे,
तू मुझे घर घड़ी, आज़माया ना कर,
तू है मालिक मेरा, मैं तेरा दास हूँ,
मेरे बदले किसी को, बुलाया ना कर,
बात दिल की मेरे, आज सुन सांवरे,
तू मुझे घर घड़ी, आज़माया ना कर॥
बात दिल की मेरे।

चाहे जितना मेरा, इम्तिहान ले,
मैं तेरा हूँ तेरा, बात मान ले,
बेकदर यूँ ना कर, तेरा छोडू ना दर,
छोड़ ना तू मुझे, ऐ मेरे सांवरे,
देख कर यूँ मुझे, मुस्कुराया ना कर,
बात दिल की मेरे, आज सुन सांवरे,
तू मुझे घर घड़ी, आज़माया ना कर,
बात दिल की मेरे।

कैसे जाऊँगा मैं, तेरे द्वार से,
पास अपने बिठा ले, तू प्यार से,
ये सितम कर ख़तम, जी ना पाएंगे हम,
तेरी चौखट पे ही, जीना मरना मुझे,
तुझको मेरी कसम, यूँ रुलाया ना कर,
बात दिल की मेरे, आज सुन सांवरे,
तू मुझे घर घड़ी, आज़माया ना कर,
बात दिल की मेरे।

तेरे बिन सांवरे, चैन पाऊं ना,
छोड़ दामन तेरा, दूर जाऊं ना,
है सही सच यही, झूठ कहता नहीं,
तेरे खाटू में ही, सांस लूँ आखिरी,
हाथ सर से मेरे तू, हटाया ना कर,
बात दिल की मेरे, आज सुन सांवरे,
तू मुझे घर घड़ी, आज़माया ना कर,
बात दिल की मेरे, आज सुन साँवरे,
तू मुझे घर घडी, आजमाया ना कर,
तू है मालिक़ मेरा, मैं तेरा दास हूँ,
मेरे बदलें किसी को, बुलाया ना कर।

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |